<u>अत्यंत महत्वपूर्ण/ सर्वोच्च प्राथमिकता</u>
<u>संख्या – 639(1)/68–5–2019</u>

प्रेषक,

रेणुका कुमार
अपर मुख्य सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी
उत्तर प्रदेश।

बेसिक शिक्षा अनुभाग – 5

लखनऊः दिनांकः 27 जून, 2019

विषयः शैक्षिक सत्र 2019–20 में "स्कूल चलो अभियान" के संचालन के सम्बन्ध में

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक *शासनादेश संख्या–639/68–5–2019 दिनांक 26 जून 2019* का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा शैक्षिक सत्र 2019–20 में *"स्कूल चलो अभियान"* के संचालन के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा–निर्देश निर्गत किये गये हैं। उक्त शासनादेश के ***प्रस्तर–2*** में यह उल्लिखित किया गया है कि, *"राज्य स्तर पर दिनांक 01.07.2019 से स्कूल चलो अभियान मा0 मुख्य मंत्री जी द्वारा प्रारम्भ किया जायेगा ।"* शासनादेश के *प्रस्तर–2.1* में जनपद स्तर पर आयोजित की जाने वाली गतिविधियाँ के अन्तर्गत यह भी उल्लिखित किया गया है कि, *"दिनांक 03 एवं 04 जुलाई, 2019 को प्रत्येक जनपद में समारोह का आयोजन मा0 प्रभारी मंत्री जी की अध्यक्षता में "स्कूल चलो अभियान" प्रारम्भ किया जाए, जिसमें जनपद के मा0 संसद सदस्य, मा0 विधायकगण/सम्मानित जन प्रतिनिधियों के माध्यम से कार्यक्रम किए जाएं।"*

2. उक्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि प्रदेश के समस्त जनपदों में *दिनांक 01 जुलाई, 2019* को ही एक साथ **"स्कूल चलो अभियान"** प्रारम्भ किया जाएगा। अतएव प्रत्येक जनपद में जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जिला स्तरीय स्कूल चलो अभियान समारोह/रैली का शुभारंभ *दिनांक 01 जुलाई, 2019* को मा0 प्रभारी मंत्री जी /मा0 सांसद/ मा0 विधायकगण एवं अन्य सम्मानित जन प्रतिनिधिगण की गरिमामयी उपस्थिति में कराया जाए।

मा0 मुख्य मंत्री जी द्वारा किसी भी जनपद में औचक रूप से इस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया जा सकता है।

Scanned with CamScanner

3. उक्त आंशिक संशोधन के अतिरिक्त शासनादेश संख्या—639/68—5—2019 दिनांक 26 जून 2019 के शेष प्रावधान यथावत लागू रहेगें, जिनका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

भवदीया

27/6/19

(रेणुका कुमार)

अपर मुख्य सचिव

<u>संख्या व दिनांक तदैव</u>

उक्त की प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1— प्रमुख सचिव, मा0 मुख्य मंत्री जी,उत्तर प्रदेश शासन।
2— समस्त मण्डलायुक्त उ0प्र0।
3— राज्य परियोजना निदेशक, राज्य परियोजना कार्यालय, सर्व शिक्षा अभियान,उ0प्र0,लखनऊ।
4— निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद, निशांतगंज , लखनऊ।
5— शिक्षा निदेशक, बेसिक, उ0प्र0 लखनऊ।
6— सचिव, बेसिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 प्रयागराज।
7— अपर शिक्षा निदेशक (बेसिक/माध्यमिक), शिक्षा निदेशालय, प्रयागराज।
8— जिला विद्यालय निरीक्षक, समस्त जनपद, उ0प्र0।
9— जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त जनपद उ0प्र0।
10— सहायक श्रमायुक्त समस्त जनपद उ0प्र0।
11— जिला समाज कल्याण अधिकारी, समस्त जनपद उ0प्र0।
12—गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(उमेश कुमार तिवारी)

अनु सचिव।

Scanned with CamScanner